# समाहरणालय, भोजपुर

(जिला प्रोग्राम शाखा, आई0सी0डी0एस0)

महिला एवं बाल विकास निगम, भोजपुर

विज्ञापन संख्या :– 03/2025

## हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन योजना अंतर्गत रिक्त पदों पर संविदा आधारित नियोजन हेतु विज्ञापन

प्रबंध निदेशक, महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार, पटना के पत्रांक–WCDC/2092/23, दिनांक– 27.09.2023 के आलोक में जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन, भोजपुर के संचालन हेतु संविदा आधारित रिक्त पदों पर सुयोग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किये जाते है :–

| क्र0सं0 | पद का नाम एवं कार्य दायित्व | पदों की संख्या तथा कोटि | आयु | योग्यता/अर्हता | मूल मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|
| 02. | जेंडर स्पेशलिस्ट | 01 (अत्यन्त पिछड़ा वर्ग) | कोटिवार अनुमान्य आयु के अनुसार | **शैक्षणिक योग्यता** : सामाजिक कार्य/अन्य सामाजिक विषयों–समाजशास्त्र/ग्रामीण विकास/ग्रामीण प्रबंधन/ LSW/ मनोविज्ञान/महिला अध्ययन में स्नातक<br><br>**अनुभवः**–जेंडर केंद्रित विषयों में सरकारी/गैर–सरकारी संगठन के साथ कम से कम 03 वर्ष का कार्य अनुभव। | 23,000/– |
| 01. | वित्तीय साक्षरता में विशेषज्ञ | 01 (अनारक्षित) | | **शैक्षणिक योग्यता** : अर्थशास्त्र/वणिज्य में स्नाकोत्तर<br><br>**अनुभवः**–वित्तीय साक्षरता/वित्तीय समावेशन केंद्रित विषयों में सरकारी/गैर–सरकारी संगठन के साथ कम से कम 3 वर्ष का अनुभव। | 21,000/– |

1. अभ्यर्थी भारत के नागरिक होंगे।
2. नियोजन में सामान्य प्रशासन विभाग के द्वारा लागू आरक्षण का प्रावधान प्रभावी होगा।
3. आरक्षण का लाभ केवल उन्हीं आवेदकों को मिलेगा जिनके पास बिहार का अधिवास है।

4. उम्र सीमा : संविदा पर नियोजन हेतु उम्र सीमा विज्ञापन प्रकाशन के तिथि को निम्नवत होगी :–

| | |
|---|---|
| अनारक्षित वर्ग (पुरूष) | – 37 वर्ष |
| पिछड़ा वर्ग/अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (पुरूष एवं महिला) | – 40 वर्ष |
| अनारक्षित वर्ग (महिला) | – 40 वर्ष |
| अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (पुरूष एवं महिला) | – 42 वर्ष |

5. अनुभव की अवधि की गणना एवं उम्र की गणना प्रयोजन के लिए सदर्भ विज्ञापन की तिथि मान्य होगी।
6. कर्मियों को नियमानुसार मूल मानदेय के अतिरिक्त EPF तथा ESIC देय होगी।
7. संविदा के आधार पर यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी, जो बिना किसी पूर्व सूचना के या 15 दिनों के नोटिस पर समाप्त की जा सकती है। इस संबंध में नियमित नियुक्ति का कोई दावा मान्य नहीं होगा। इस प्रकार नियोजित व्यक्ति का नियोजन के पश्चात् सेवा में नियमितीकरण का कोई दावा मान्य नहीं होगा। नियोजित व्यक्ति न तो सरकारी सेवक माने जाएगे न सरकारी सेवको के अनुमान्य किसी सुविधा के हकदार होंगे। उनका नियोजन जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन के अधीन होगा।
8. विभिन्न पदों पर नियोजन उम्मीदवारों की वांछित शैक्षणिक योग्यता, कार्य अनुभव एवं अंतर्वीक्षा के आधार पर अंतिम मेघा सूची प्रकाशित होगी।
9. प्रशासनिक पद हेतु यदि अभ्यर्थी कंप्यूटर पर कार्य करने का ज्ञान रखता है तो उसे प्राथमिक्ता दी जायेगी।
10. कार्य अनुभव में सरकारी विभाग/संस्थान/कार्यालय में कार्यानुभव रखने वाले अभियार्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी।
11. सरकारी/अर्ध–सरकारी अथवा गैर–सरकारी विभाग/संस्थान/कार्यालय में कार्यानुभव की स्थिति में नियुक्ति प्राधिकार द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण–पत्र ही मान्य होगा।
12. चयन प्रक्रिया–निर्धारित योग्यता रखनेवाले उम्मीदवारों को साक्षात्कार हेतु अमंत्रित किया जायेगा। साक्षात्कार में भाग लेने हेतु सूचना संबंधित अभ्यर्थी के उनके आवेदन में उल्लेखित Emil ID एवं जिले के NIC वेबसाइट पर दी जाएगी। जिला पदाधिकारी कार्यालय द्वारा किसी भी अभ्यर्थी से डाक द्वारा किसी भी तरह का पत्राचार नहीं किया जायेगा।

13. मानदेय आधार पर नियोजित कर्मी न तो सरकारी सेवक माने जायेंगे और न ही सरकारी सेवको के अनुमान्य किसी सुविधा के हकदार माने जायेंगे। मानदेय के आधार पर नियोजित कर्मियों द्वारा सेवा के नियमितीकरण का काई दावा मान्य नहीं होगा।

14. विज्ञापन एवं सेवा शर्तो से संबंधित सभी अधिकार, जिला पदाधिकारी, भोजपुर के अधीन है। जिला पदाधिकारी, भोजपुर विज्ञापन को संशोधित/रद्द करने के लिए सर्वाधिकार धारित करते है।

15. इच्छुक अभ्यर्थी आवेदित पद का उल्लेख करते हुए विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से दिनांक–30/06/25 तक अपना आवेदन विहित प्रपत्र में शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव संबंधी प्रमाण–पत्र/अंक पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ संलग्न करते हुए Emil-wcdcbhojpur@gmail.com पर समर्पित करेंगे। प्रमाणपत्र संलग्न नहीं होने की स्थिति में आवेदन को प्रथम दृष्टया निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त समय सीमा के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

16. एक से अधिक पदो के लिए अलग–अलग आवेदन मान्य होंगे।

17. भरे हुए आवेदन का प्रिंट आउट अभ्यर्थी अपने पास सुरक्षित रखेंगे।

18. अभ्यर्थी, विज्ञापन से संबंधित अपडेट अन्य घोषणाओं हेतु जिला अधिकारिक वेबसाईट https://bhojpur.nic.in का आवलोकन करते रहेंगे।

09/6/25

उप विकास आयुक्त,
भोजपुर, आरा

अनुलग्नक- 4

# आवेदन- प्रपत्र

विज्ञापन संख्या- ..........................

स्वअभिप्रमाणित पासपोर्ट साईज फोटो

1. आवेदित पद का नाम: ..................................................
2. अभ्यर्थी का नाम: ..................................................
3. जन्म तिथि : ..................................................
4. माता का नाम: ..................................................
5. पिता/ पति का नाम ..................................................
6. आधार कार्ड नंबर ..................................................
7. स्थायी आवास का पूरा पता (जिला के नाम के साथ): ..................................................
..................................................
8. पत्राचार का पता: ..................................................
..................................................
9. श्रेणी: सामान्य ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ अति पिछड़ा वर्ग ☐
अनुसूचित जाति ☐ अनुसूचित जनजाति ☐ अन्य ☐
10. मोबाइल नंबर: ..................................................
11. ई- मेल आईडी: ..................................................
12. शैक्षणिक विवरणी: -

| क्र०स० | शिक्षा | विषय | उत्तीर्णता का वर्ष | प्राप्तांक | प्रतिशत | बोर्ड / विश्वविद्यालय का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मैट्रिक | | | | | |
| 2 | इंटर | | | | | |
| 3 | स्नातक (प्रतिष्ठा का विषय) | | | | | |
| 4 | स्नातकोत्तर | | | | | |
| 5 | पीएचडी / अन्य | | | | | |
| 6 | कंप्यूटर योग्यता | | | | | |
| 7 | व्यवसायिक प्रशिक्षण | | | | | |
| 8 | अन्य | | | | | |

13. कार्य अनुभव :-

| क्र०स० | संस्थान का नाम | पदनाम | कार्य अवधि वर्ष / माह / दिन | कार्य विवरणी |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

14. संलग्न किये गये कागजातों की सूची:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | |
| 3 | | 4 | |
| 5 | | 6 | |
| 7 | | 8 | |
| 9 | | 10 | |

घोषणा:- उपरोक्त सभी सूचनामेरे जानकारी के आधार पर सत्य है। यदि भविष्य में कभी कोई प्रतिकूल प्रतिवेदन प्राप्त होता है तो इसके लिए मैं स्वंय जिम्मेवार रहूँगी एवं मेरे विरुद्ध नियमानुकूल कार्रवाई की जा सकती है।

दिनांक

अभ्यर्थी का हस्ताक्षर